हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 नवंबर 2025

06 युवा उत्सवः 10 सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्राओं ने ...




09 स्वप्न सिटी में हुई चोरी का किया खुलासा 4 लाख...





## खबर संक्षेप

### निजी फिजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फिजियोथेरेपी केन्द्रों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फिजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फिजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फिजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है।

### आष्टा में रोजगार मेला 11 नवंबर को

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है।

### छुट्टी के दिन हुई 40 किसानों की फसल की नीलामी

# मक्का नहीं खरीदे जाने से भड़के किसान मंडी के बाहर दो घंटे किया चक्काजाम

किसानों का कहना था कि दो दिन पहले से खड़ी ट्रॉलियों को छोड़ देर से शुक्रवार को आई ट्रॉलियों की नीलामी की गई। विरोध करने पर व्यापारी मंडी परिसर छोड़कर चले गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा





नगर की कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को मक्का की अधिक आवक होने के बावजूद खरीद प्रक्रिया नहीं होने से नाराज़ किसानों ने शाम को मंडी के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दो घंटे तक चले इस जाम में यात्री बसें, निजी वाहन व एक एम्बुलेंस फंस गई, जिससे मरीज को भी देर तक रास्ता नहीं मिल पाया।

जानकारी के अनुसार, करीब 40 किसानों की उपज की नीलामी नहीं हो सकी थी। किसान दो दिनों से नई कृषि मंडी परिसर राला, परादीपुरा में अपनी ट्रॉलियां लगाए बैठे थे, लेकिन शुक्रवार को भी नीलामी नहीं होने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि शनिवार, अवकाश के दिन भी खरीदी कर सभी ट्रॉलियों की नीलामी की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद रात करीब आठ बजे जाम हटाया गया।

### किसानों ने लगाया मनमानी का आरोप

किसानों का कहना था कि दो दिन पहले से खड़ी ट्रॉलियों को छोड़ देर से शुक्रवार को आई ट्रॉलियों की नीलामी की गई। विरोध करने पर व्यापारी मंडी परिसर छोड़कर चले गए। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन और व्यापारी मनमानी कर रहे हैं और समय पर नीलामी नहीं कर रहे।

### निर्माण कार्य और अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

नई कृषि मंडी में निर्माण कार्य धीमी गति से चलने और अव्यवस्था के कारण भी किसान परेशान हैं। बारिश के बाद जमीन दलदल होने से ट्रॉलियां फंस रही हैं और ट्रैक्टरों को जेसीबी से निकलवाना पड़ रहा है, जिससे वाहनों को नुकसान हो रहा है।

किसानों ने कहा कि न शौचालय है, न बैठने की, न ही सुरक्षा व्यवस्था,पीने के पानी के लिए लगाए गए टैंकर का पानी भी पीने योग्य नहीं है। व्यापारियों को RO का पानी पिलाया जा रहा है। किसानों को टैंकरों का पानी। किसान भी इंसान है। तप्ती धूप में पानी भी गर्म को जाता है उसी पानी को किसान पी रहा है।

### प्रशासन व व्यापारी बैठक के बाद समाधान

प्रशासन और व्यापारियों की बैठक में निर्णय हुआ कि अवकाश के दिन भी मंडी में उपस्थित सभी किसानों की उपज की नीलामी की जाएगी। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा नवीन कृषि ऊपज मण्डी में जो भी आव्यथाएं है उन्हें दो दिनों में पूरा कर दिया जाएगा। कृषि ऊपज मण्डी में फसलों की आवक अधिक होने पर स्थिति उत्पन हुई है। नवीन कृषि ऊपज मण्डी का निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार के चर्चा करकाम में तेजी लाने और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। टोकन लेकर ट्रॉलियां मंडी प्रांगण में व्यवस्थित खड़ी करने की अपील की।

### दो घंटे लगा लंबा जाम, राहगीर होते रहे परेशान



किसानों की ऊपज नीलामी नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार शाम 6 से 8तक नगर की कृषि ऊपज मण्डी के सामने ही अपने वाहनों से दो घंटे तक मुख्य मार्ग को बंद करते हुए चक्काजाम किया। इस दौरान यात्री बसे सैकड़ों लोग वाहनों के साथ जाम में फंसे रहे। जाम में फंसी यात्री बसे अपने निर्धारित समय पर अभी पहुंच पाए। तो वहीं स्थानीय लोग भी जाम में फंसे रहे। इस दौरान मरीज को ले जा रही इमरजेंसी एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।

# आधी रात 3 बजे गांधी रोड पर मची अफरा-तफरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के सबसे व्यस्त बाजार क्षेत्र गांधी रोड और चंद्रशेखर आजाद मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे भीषण अग्निकांड से अफरा तफरी मच गई। गांधी रोड पर स्थित एक कपड़े की दुकान में लगी आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि आसमान में दूर तक धुआं दिखाई देने लगा। इस हादसे में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के मुताबिक रात लगभग 3 बजे मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित कपड़े की दुकान से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की भीषणता देखते ही तुरंत एक-दूसरे को सूचित किया और बिना समय गंवाए अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों की सजगता के कारण ही आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका जा सका, जिससे एक बड़ा व्यावसायिक हादसा टल गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़ा सामग्री होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों की कोशिश के बाद जाकर आग को पूरी तरह शांत किया जा सका।

दुकान के मालिक नूर मंसूरी ने इस भीषण अग्निकांड के लिए सीधे तौर पर पास में लगी विद्युत वितरण कंपनी की डीपी को जिम्मेदार ठहराया है। मंसूरी ने आरोप लगाया कि जब यह डीपी लगाई जा रही थी, तभी उन्होंने बिजली अधिकारियों से कपड़े की दुकानों वाले इस संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्र में इसे न लगाने का आग्रह किया था, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात को नजरअंदाज किया। मंसूरी का कहना है कि इसी अनदेखी का खामियाजा आज उन्हें लाखों रुपए के नुकसान के रूप में भुगतना पड़ा है। हालांकि आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# आज रोटरी क्लब सीहोर, इनर व्हील क्लब व रेड क्रॉस सोसाइटी आयोजित करेगी मैराथन

### मैराथन के लिए क्यूआर कोड से किए सैकड़ों की संख्या में पंजीयन




**सीहोर।** शहर में भव्य मैराथन का इतिहास बनाने के लिए रविवार को रोटरी क्लब सीहोर, इनर व्हील क्लब सीहोर व रेड क्रॉस सोसाइटी सीहोर द्वारा आयोजित मैराथन का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य के लिए मैराथन में अब तक करीब 600 से अधिक पंजीयन हो चुके हैं, इसके अलावा आर्मी, आवासीय विद्यालय, विद्यार्थियों के अलावा क्षेत्रवासी भी दौड़ में शामिल होंगे।

इस संबंध में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि इस रन में विजेताओं को 50 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाऐंगे। इसके अलावा दो लाख से अधिक के गिफ्ट हैफर आदि है। दौड़ में शहर सहित आस-पास के क्षेत्रवासियों को जोड़ने के लिए। मैराथन फेस्टिबल को सफल बनाए जाने के लिए रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक, क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल और इन व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय के अलावा अन्य सहयोगियों ने समितियों का गठन किया है। वहीं प्रतिभागियों के लिए क्यूआर कोड के द्वारा पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। नौ नवंबर को सुबह सात बजे एसआर विहार से भोपाल नाके आवासीय मैदान तक दो चरणों में मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें पांच किलोमीटर और ढाई किलोमीटर रन है। मैराथन का आयोजन स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है अपने स्वास्थ्य के लिए दौड़ें और समाज में फिटनेस का संदेश फैलाएं।

# गगन जन सेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व निशुल्क जांच

### 50 से अधिक विशेषज्ञ और डॉक्टर देंगे अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के इतिहास में पहली बार गगन जन सेवा समिति के तत्वावधान में किसानों एवं आमजनों के लिए निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 50 से अधिक सीहोर-भोपाल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी और वरिष्ठ डॉक्टर्स कैंप में परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं रेडक्रास सोसाइटी द्वारा निशुल्क दवाईयां वितरण की जाएगी गगन जन सेवा समिति के डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि रविवार को शहर के मोदी मांगलिक भवन बिजली घर चौराहा पर आयोजित गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में अन्नदाता किसानों एवं आमजनों के लिए निशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह नौ बजे से यहां पर आने वाले मरीजों का ग्यारह बजे तक निशुल्क पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से पांच बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, इको, एक्सरे, सोनोग्राफी, हीमोग्लोबिन, गले की दूरबीन से जांच आदि की जाएगी। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से निशुल्क शिविर में शामिल होने की अपील।

### आज खेला जाएगा राजगढ़ और भोपाल ए के मध्य मैच

# भोपाल ने राजगढ़ को चार विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में भोपाल-सीहोर क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को भोपाल और राजगढ़ टीम के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में भोपाल ने एक तरफा मुकाबले में राजगढ़ को चार विकेट से हराया।

मैच के उपरांत मध्यप्रदेश एसोसिएशन की ओर से पुनित चतुर्वेदी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, वरुण शर्मा, मनोज दीक्षित मामा, चेतन मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा, हितेश केसरिया, नागेन्द्र व्यास, शिवम दुबे आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजगढ़ की पूरी टीम निर्धारित 40 ओवर में दस विकेट खोकर 97 रन बनाए थे। इसमें मोहम्मद हुसैद ने 20 रन और आदित्य सौलंकी ने 18 रन की पारी खेली। इधर भोपाल की ओर से मोहम्मद अहमद ने चार विकेट और राघव ने दो विकेट की शानदार गेंदबाजी की। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल टीम ने विजय लक्ष्य आसानी से 31.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल किया। इसमें दक्ष वशिष्ठ-अरनव साहू ने 30-30 रन बनाए थे। राजगढ़ टीम की ओर से मानवेन्द्र ने चार विकेट हासिल किए। रविवार की सुबह राजगढ़-भोपाल के मध्य खेला जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय सहित पूरी एसोसिएशन के मैदान पर जारी प्रतियोगिता की सफलता के लिए समिति गठित की।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन




**सीहोर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव की अध्यक्षता में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के तहत 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक विशेष अभियान संचालित करते हुए विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम एवं समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान राष्ट्रगीत वंदे मातरम की ऐतिहासिक भूमिका, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान तथा देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना में इसके स्थायी महत्व को जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

### सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े से हो रहे हादसे

**सीहोर**। सीहोर जिले के ग्राम महुआखेड़ा पट और दोराहा में सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इनकी वजह से यहां से निकलने में लोगों को परेशानी होती है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कुछ दिनों पहले ही मार्ग पर एक युवक के गिरने से उसके सिर में काफी चोट आई थीं। मवेशी फसलों को भी चौपट कर रहे हैं। ग्रामीण परेशान हैं। वह शासन-प्रशासन से आवारा मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा मवेशी सड़क किनारे लगे खेतों में फसल को खराब कर रहे हैं। गाय झुंड बनाकर खेतों में चली जाती हैं। उनकी वजह से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। चैनपुरा के किसान पुत्र जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि सब्जी और फसल को खाने के लिए आवारा मवेशियों का रात में बार-बार आते हैं।

### दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर**। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

## जिले के 8 महाविद्यालयों शासकीय महाविद्यालय के 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया, हुईं कई प्रतियोगिताएं आयोजित

# युवा उत्सवः 10 सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्राओं ने हुनर का मंच पर बिखेरा जलवा

रंगोली, एकल नृत्य (शास्त्रीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य, एकल गायन (शास्त्रीय), एकल गायन (सुगम), एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गायन (भारतीय), समूह गायन (पाश्चात्य), एकल वादन (पर्कुशन) तथा एकल वादन (नॉन पर्कुशन) की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025–26 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 10 सांस्कृतिक विधाओं रंगोली, एकल नृत्य (शास्त्रीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य, एकल गायन (शास्त्रीय), एकल गायन (सुगम), एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गायन (भारतीय), समूह गायन (पाश्चात्य), एकल वादन (पर्कुशन) तथा एकल वादन (नॉन पर्कुशन) की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे वातावरण को श्रद्धा और ज्ञान की आभा से आलोकित कर दिया।

इसके पश्चात स्वागत एवं अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रोहताश्व कुमार शर्मा, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर का स्वागत आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने पुष्पगुच्छ द्वारा किया। विशेष अतिथि डॉ. देवेंद्र वरबड़े, प्राध्यापक, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर का स्वागत युवा उत्सव प्रभारी रामविकास प्रजापति ने किया।

अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री का स्वागत युवा उत्सव समन्वयक डॉ कलिका डोलस द्वारा किया गया। युवा उत्सव समन्वयक डॉ कालिका डोलस का स्वागत महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अनूप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी निर्णायकों का स्वागत महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों द्वारा पुष्पमाला द्वारा किया गया। स्वागत के उपरांत सभी अतिथियों को मंच पर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

इस मौके पर डॉ. कलिका डोलस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत जिला युवा उत्सव समन्वयक डॉ. कलिका डोलस के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा युवा उत्सव के उद्देश्य युवाओं में सृजनशीलता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना का विकास पर प्रकाश डाला।

डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का आधार स्तंभ हैं, जो उनमें नेतृत्व, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना का संचार करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और निर्णायकों को शुभकामनाएँ देते हुए इस आयोजन को महाविद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण बताया।

डॉ. देवेंद्र वरबड़े ने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण का संवाहक है। कला और संस्कृति के माध्यम से उनकी ऊर्जा को सृजनात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

मुख्य अतिथि डॉ. रोहताश्व कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा उत्सव न केवल प्रतियोगिता का मंच है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मिलन है जो समाज को एकसूत्र में बाँधता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रतिभा और अनुशासन के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।

इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले के 8 महाविद्यालयों शासकीय महाविद्यालय रेहटी, सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय लड्कुई, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, एम.आर.सी. कॉलेज सीहोर, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर, स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज सीहोर, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा एवं शासकीय महाविद्यालय जावर नगर के कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन चित्रांश खरे एवं डॉ. भारती सक्सेना द्वारा किया गया। पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं में महाविद्यालय परिवार का सामूहिक योगदान उल्लेखनीय रहा।

## जल्द से जल्द बनाया जाए बेलदार आयोगः हरीश कौशल



**सीहोर**। भारतीय बेलदार जन जागरण नुनिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति परिषद हरीश कौशल ने मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, विधायक प्रदीप लारिया, भारतीय जनता पार्टी जनजाति प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेक राम, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें बताया गया कि मध्य प्रदेश में बेलदार समाज बहुत बड़ी तादात में निवास करती है, जो मजदूरी मकान बनाने सहित गड्डे खोदने, गिट्टी बोल्डर का पुश्तैनी आदि कार्य कर अपना भरण पौषण करती है। बेलदार समाज शासकीय योजनाओं लाभ से वंचित है। बेलदार समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा भाजपा समर्थक हैं। लेकिन हमारे समाज के लोग आर्थिक तंगी व अशिक्षा के कारण शासन प्रशासन में नहीं है और ना ही हमारे अध्यक्ष हैं ना ही विधायक हैं ना ही मंत्री हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेलदार समाज का महासम्मेलन दिनांक 24 जुलाई 2018 मुख्यमंत्री निवास प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान बेलदार आयोग बनाने का आश्वासन दिया था, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है और ना ही आज तक मुख्यमंत्री निवास पर 2018 से आज तक कभी भी बेलदार समाज का परिचय सम्मेलन नहीं हुआ है । शासन-प्रशासन से बेलदार समाज को कोई हिस्सेदारी नहीं मिली है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जल्द से जल्द बेलदार आयोग बनाया जावे, ताकि गरीब अनुसूचित जाति के लोग मुख्य धारा से जुड़ सके।

### सियार का हमलाः बाराखंबा गांव की घटना, गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती

**सीहोर**। जिले के ग्राम बाराखंबा में एक ग्रामीण पर सियार ने हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीहोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना इछावर के नजदीक स्थित बाराखंबा गांव में बीती रात हुई। घायल ग्रामीण की पहचान गोपाल के रूप में हुई है। उसे गंभीर चोटें आई हैं। गोपाल ने बताया कि अचानक एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। उसके अनुसार, वह जानवर एक सियार था। सियार के हमले से वह बुरी तरह घायल हो गया, लेकिन उसने अपनी जान बचाने की कोशिश की। हमले के बाद गोपाल ने मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास के लोगों की सहायता से उसे तत्काल सीहोर जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार जारी है।

## 1238 बीएलओ में 80 प्रतिशत शिक्षक परीक्षा शुरू, पढ़ाई पर पड़ेगा असर

**सीहोर**। मंगलवार से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू हो गया है। कुल 1238 मतदान केंद्रों पर एसआईआर के लिए बीएलओ तय हो चुके हैं। इनमें से 80% शिक्षक हैं। डोर टू डोर सर्वे के लिए उन्हें तैनात करने से विद्यालयों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक बचेगा, जबकि कुछ स्थानों पर स्कूलों में ताला लग सकता है। सोमवार से जिले में हाईस्कूल और हासे की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इसी महीने कक्षा 1 से 8वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी होनी हैं। ऐसे में शिक्षकों की अनुपस्थिति से छात्रों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ सकता है। प्रशासन का तर्क है कि शिक्षकों को यह काम स्कूल के समय से अतिरिक्त करना है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1238 मतदान केंद्र हैं, जिनके लिए इतने ही बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। इनमें करीब 800 से ज्यादा शिक्षक हैं। प्रशासन का दावा है कि शिक्षकों को कार्यालयीन समय से अतिरिक्त समय में सर्वे करना है, इसलिए पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। बीएलओ का काम कर रहे शिक्षकों का कहना है कि एक दिन में 5 से 10 डोर टू डोर सर्वे करने पर दिन खराब होगा।

**एक महीने चलेगा अभियानः** इस अभियान के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक जिले में बीएलओ घर-घर जाकर नाम संशोधन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। स्कूल समय से दो घंटे पहले या बाद में करें सर्वे शिक्षकों को स्कूल समय से दो घंटे पहले या बाद में यह सर्वे करना होगा। शासन इसके लिए बीएलओ बनाए शिक्षकों को अतिरिक्त मानदेय भी देता है। एसआईआर का मानदेय अलग से दिया जा रहा है।

**आदेशः** सहायक ग्रेड-3 को ही बनाएं बीएलओ मप्र शासन के36 विभाग कार्यरत हैं। चुनाव आयोग ने 10 जून को जारी आदेश में कहा था कि सहायक ग्रेड 3 श्रेणी के कर्मचारियों को ही बीएलओ बनाया जाए, लेकिन विभागों में इतनी बड़ी संख्या में इस ग्रेड के कर्मचारी नहीं हैं। जिले में शिक्षा विभाग ही ऐसा है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी उपलब्ध हैं। ग्रामीण स्तर पर सचिवों को भी यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। लेकिन शिक्षकों को ही बीएलओ का काम सौंप दिया जाता है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय युवा उत्सव का समापन




**सीहोर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चन्द्रशेखर आज़ाद अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का सफल समापन प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतिम दिवस पर दो प्रमुख प्रतियोगिताएँ - दृश्य चित्रण एवं कोलाज निर्माण आयोजित की गईं।

निर्णायक के रूप में डॉ. सुमन भदोरिया, रजिया नीलोफ़र तथा श्री आशीष शर्मा उपस्थित रहे। स्वदेशी एवं स्वावलंबन विषय पर आयोजित कोलाज निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय उत्पादों, आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया की अवधारणा को सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। दृश्य चित्रण प्रतियोगिता में महिला विश्व कप क्रिकेट 2025 विषय पर प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण और भारतीय महिला टीम की खेल भावना को प्रभावशाली रूप में चित्रित किया। निर्णायकों एवं अतिथियों ने प्रतिभागियों के कलात्मक कौशल और प्रस्तुति की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना, रचनात्मकता और खेल भावना को प्रोत्साहित करते हैं। प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संचालन युवा उत्सव नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र वरवड़े के द्वारा किया गया तथा डॉ ज्योति नेताम ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

## अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण




**सीहोर**। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले की मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम निरीक्षण दल द्वारा बकतरा एवं बुधनी क्षेत्र की मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई। इसके साथ ही दवाओं के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है।जिन मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया उनमें मे. सतेंद्र मेडिकल, मे. जीवनरक्षा मेडिकल, लक्ष्मी मेडिकल, बालाजी मेडिकल, आरके मेडिकल और पियूष मेडिकल शामिल हैं।

### प्रेम नगर का पार्क निर्माण समय सीमा पूरी होने के बाद भी अधूरा काम

# 20 लाख का पार्क 10 माह बाद अधूराःसिर्फ बाउंड्रीवॉल निर्मित, लागत को लेकर विवाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के प्रेम नगर कॉलोनी वार्ड 22 में 20 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण चल रहा है।लेकिन 10 महीने बीत जाने के बाद भी सिर्फ बाउंड्री वॉल ही तैयार हो पाई है।कॉलोनी के लोग लंबे समय से पार्क के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं,मगर निर्माण की रफ्तार बहुत धीमी है।

**लागत को लेकर इंजीनियर और ठेकेदार के अलग दावे**

ठेकेदार राजा अग्रवाल का कहना है कि पार्क की कुल लागत करीब 25 लाख रुपये है,जिसमें घास, पेवर ब्लॉक, झूले, लाइट और कुर्सियां शामिल हैं।वहीं, नगरपालिका इंजीनियर प्राची गुप्ता के अनुसार,लागत 18 से 20 लाख रुपये है और एस्टीमेट में सिर्फ बाउंड्री वॉल, घास और पेवर ब्लॉक शामिल हैं—झूले, लाइट और कुर्सियां नहीं।

**समय सीमा पूरी होने के बाद भी अधूरा काम**

जनवरी में पार्क का भूमि पूजन हुआ था, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी काम अधूरा है।अधिकारियों और ठेकेदार के बीच लागत और सामग्री को लेकर असमंजस बना हुआ है।जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे, जिससे लोगों में नाराजगी है।

**ठेकेदार ने जल्द काम पूरा करने का दिया आश्वासन :** ठेकेदार राजा अग्रवाल ने कहा कि अब पेवर ब्लॉक, गेट, लाइट, झूले और घास लगाकर काम पूरा किया जाएगा।इंजीनियर प्राची गुप्ता ने भी निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।यह पार्क मंडी क्षेत्र का पहला पार्क होगा।

## उद्यम विभाग के द्वारा युवाओं को दी गई एमएसएमई योजनाओं की जानकारी




**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिला उद्योग केंद्र द्वारा आईटीआई बुधनी में एमएसएमई योजनाओं के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा एवं प्रबंधक संदीप उइके ने युवाओं को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना, व्यवसाय के अवसरों, वित्तीय सहायता और ऋण योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डिप्सिखा देवी और साक्षी, पीपीआईए प्रैक्सिस फेलो द्वारा किया गया।

### भूमि आबंटन न होने के चलते नहीं हो पा रहा नवीन जिला जेल का निर्माण

# 239 बंदियों की क्षमता वाली जर्जर हो चुकी जिला जेल में कैद हैं 350 बंदी

## जेल की दीवारों की ऊंचाई भी ज्यादा नहीं, हो चुकी हैं कैदियों के भागने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि मुख्यालय स्थित जिस जिला जेल को काफी समय पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है, उस जेल में इन दिनों क्षमता से कहीं अधिक कैदी सजा काट रहे हैं। लोक निर्माण विभाग काफी अर्से पहले करीब 120 सालों पुरानी राजगढ़ जिला जेल को पूरी तरह जर्जर घोषित कर चुका है। इसके बावजूद शहर के बीचों-बीच यह जेल आज भी संचालित हो रही है।

बड़ी बात यह है कि जिला जेल में बंदियों को रखने की कुल क्षमता 239 है। इसके विरुद्ध वर्तमान में इस जेल में करीब 350 कैदी विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मानव अधिकारों के विरुद्ध जिला जेल के हॉलों में ठूंस-ठूंसकर बंदियों को रखा जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि जेल प्रबंधन द्वारा नवीन जेल निर्माण के लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किए गए हों लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से भूमि आबंटन न हो पाने के चलते आगामी प्रक्रियाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। दूसरे शब्दों में कहें कारागार अधिनियम 1894 एवं आदर्श कारागार अधिनियम-2023 भी अवहेलना हो रही है।




### पूर्व में हुआ था भूमि आबंटन पर अब वहां रहवासी बस्ती

नवीन जिला जेल निर्माण के लिए करीब 30 वर्षों पूर्व प्रशासन द्वारा संकट मोचन बड़ली क्षेत्र में भूमि का आबंटन किया गया था। जेल निर्माण के लिए बजट राशि भी आ चुकी थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से उस समय वहां जेल का निर्माण नहीं हो पाया ऐसे में वह राशि लेप्स हो गई। अब संकट मोचन बड़ली क्षेत्र घनी रहवासी बस्ती वाला क्षेत्र हो चुका है। ऐसे में यहां जेल का निर्माण होने की संभावना ही नहीं बची है। आदर्श कारागार अधिनियम के प्रावधानों के तहत जिला जेल के 100 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण, रहवासी बस्ती आदि नहीं हानी चाहिए। लेकिन, राजगढ़ में वर्तमान जिला जेल जहां स्थित है उसके चारों ओर घनी रहवासी बस्ती, मार्केट, दुकानें फैली हुई हैं।

### क्षेत्रीय विधायक सदन में उठा चुके हैं मुद्दा

राजगढ़ जिला जेल के शहर के बीचों-बीच स्थित होने एवं नवीन जिला जेल निर्माण के संबंध में क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव विधानसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बावजूद नवीन जेल निर्माण की प्रक्रिया अभी तक कागजों में ही नजर आ रही है।

**फैक्ट फाइल**

- जिला जेल की क्षमता : 239 बंदी
- वर्तमान में निरुद्ध : 350
- पुरुष बंदी : 331
- महिला बंदी : 19

### नेसड़ी के समीप किया था भूमि आबंटन

जिला जेल के प्रस्ताव पर जिला प्रशासन द्वारा कुछ वर्षों पूर्व नेसड़ी गांव के समीप जमीन आबंटन प्रस्तावित किया गया था। लेकिन, बाद में मालूम हुआ कि जिस भूमि को जेल के लिए आबंटित किया जा रहा है वह पूर्व से ऊर्जा विभाग को दी जा चुकी है। तब से अब तक महज जमीन आबंटन न हो पाने के चलते राजगढ़ में नवीन जिला जेल का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

*जिला जेल निर्माण की प्रक्रिया जमीन आबंटन न होने से अटकी हुई है। मुझ से पूर्व के अधीक्षकों ने प्रशासन से जमीन आबंटन के लिए प्रस्ताव भिजवाए हैं परन्तु मामला प्रक्रियाधीन है। जमीन आबंटित हो जाए तो आगे की प्रक्रियाएं बढ़ पाएंगी।*

*- आलोक बाजपेयी, कार्यवाहक अधीक्षक, जिला जेल, राजगढ़*

### थाना शुजालपुर मंडी पुलिस को मिली सफलता

# स्वप्न सिटी में हुई चोरी का किया खुलासा 4 लाख 64 हजार के जेवर बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय शाजापुर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेष देशमुख अनुभाग शुजालपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी द्वारा कस्बा शुजालपुर मंडी में हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए चोरियों पर अंकुश लगाने विशेष टीम गठित की गई। फरियादी चंदर सिंह पिता गोरेलाल परमार उम्र 43 साल निवासी ग्राम महुघाट हाल स्वप्न सिटी-2 शुजालपुर मंडी ने रिपोर्ट की कि दिनांक 01. 09. 25 को अज्ञात अरोपी फरियादी के घर में घुस कर सोने की झुमकी, मंगलसूत्र व 3 अंगूठी व चांदी की पायल तथा पचास हजार रुपए नकदी चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर मंडी पर अपराध क्र. 326/25 धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त प्रकरणो में पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में अति० पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमेष देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन में अपराध में चोरी गए मश्रुका एवं आरोपियों कि गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा मुखबिरों को सक्रिय किया गया। गठित टीम द्वारा निरंतर प्रयास किया गया। दिनांक 03.11.25 को आरोपी अरूडा उर्फ अरूदा पिता प्रकाश सिसोदिया उम्र 42 साल निवासी ग्राम गुलखेडी थाना बोडा जिला राजगढ़ को न्यायालय शुजालपुर एनालिसिस में घटना की रात शुजालपुर इलाके में सक्रिय मोबाइल नंबरों में से एक नंबर इसी गांव के व्यक्ति का मिला। इस नंबर से राजगढ़ जिले के गलखेड़ी निवासी अरुदासे वारदात की रात बातचीत हुई थी। पुलिस टीम टांडा पहुंची, लेकिन वहां कोई आरोपी नहीं मिला। इसी बीच, सीहोर पुलिस ने हाल ही में सीहोर जिले में हुई एक चोरी के मामले में अरुदा को गिरफ्तार किया था।

शुजालपुर पुलिस ने कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट लेकर अरुदा से पूछताछ की। पूछताछ में उसने शुजालपुर की वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर चोरी के गहने, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, अरुदा और टांडा गैंग के सदस्यों की पहचान कुछ साल पहले हैदराबाद की जेल में हुई थी। अरुदा चोरी करने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण देता था और उन्हें साथ ले जाकर वारदातों को अंजाम दिलाता था। हैदराबाद में एक शादी से जेवर चोरी के मामले में एक बच्चा पकड़ा गया था, जिसे बाल सुधार गृह भेजा गया था, जबकि अरुदा जेल गया था। जेल में ही उसकी मुलाकात टांडा गैंग से हुई थी। जेल से निकलने के बाद अरुदा ने टांडा गैंग से संपर्क बनाए रखा और साथ मिलकर मध्य प्रदेश के गुना जिले के विजयपुर, सीहोर और शुजालपुर में कई वारदातों को अंजाम दिया। इस मामले में गिरोह के अन्य फरार बदमाश अर्जुन, करण, दया और खड़क सिंह की तलाश जारी है।

# किसानों के लिए निर्मित टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा



**जीरापुर।** कृषि उपज मंडी समिति जीरापुर जिले की अन्य मंडियों की आय के हिसाब से तीसरा स्थान रखती है , लेकिन किसानों को अपने माल की नीलामी हेतु जो सुविधा किसानों को उपलब्ध होना चाहिए , उस पर बेवजह व्यापारी ने हक जमा कर किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर रखीं हैं। उल्लेखनीय है कि मण्डी परिसर में किसानों के माल की नीलामी हेतु टीन शेड निर्मित कर रखें है। लेकिन जितने टीन शेड किसानों के माल निलामी हेतु सुविधा के रूप में निर्मित है उनमे से दो तीन टीन शेडों पर व्यापारियों का कब्जा जमा हुआ है, इससे किसानों को अपने माल की नीलामी करने में खुले आसमान के नीचे अपने वाहन ट्रैक्टर ट्राली एवं जो माल निलामी के लिए लाया जाता है उसे रखना पड़ता हैं। जानकारी के मुताबिक नवीन मंडी प्रांगण । रकबा 2.873 हेक्टर एवं मंडी श्रेणी (सी) वर्ग है जिसमें लाखों रुपए की लागत से इस परिसर में किसानों के माल एवं ट्रैक्टर ट्राली के विभिन्न जिन्स नीलामी हेतु खड़े करने के लिए अलग-अलग टीन शेड निर्मित है लेकिन व्यापारियों ने उन टीन शैडो को अपने कब्जे में ले रखा। पूर्व में भी अनेकों बार मंडी सचिव सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई। मंडी सचिव हरीनारायण वर्मा का कहना है कि व्यापारी को नोटिस जारी कर चुके हैं एक दो दिन बाद टीन शेड खाली कर देंगे।

## अनिल उपाध्यक्ष व अरविंद कलमोदिया बने जिलाध्यक्ष

**कुरावर।** गुरुवार रात्रि चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय युवक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया द्वारा युवा संगठन अध्यक्ष डॉक्टर अजय पटेल सीहोर की सहमति से चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के उपाध्यक्ष पद पर नगर के होनहार कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता अनिल दरबार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत माना के सरपंच अरविंद कलमोदिया को समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनिल दरबार वर्तमान में कुरावर नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद भी है वहीं अरविंद ग्राम पंचायत माना के सरपंच है समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल लाइनमैन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई रवि दला सहित सभी समाज जनों ने एवं ईष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

### एसआईआर को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

# मंडलों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला में पंवार ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुधवार और गुरुवार को ब्यावरा विधानसभा के ब्यावरा, पिपलहेला, मलावर, सुठालिया , गिद्धोरहाट और गादीया मंडलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 एसआईआर को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यशाला में मंत्री पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को सुदृढ़ और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा ने इस कार्य में सहयोग के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं और प्रत्येक बूथ पर जिला प्रवासी भी तैनात किए गए हैं। मंत्री पंवार ने कहा कि भले ही यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के अधीन संचालित हो, लेकिन संगठन के लिए भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं को वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने और मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मंत्री पंवार ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया भविष्य के चुनावों और राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने वाली है, इसलिए इसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। मंत्री पंवार ने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी और राष्ट्रहित की भावना से करता है, तभी लोकतंत्र सशक्त बनता है।

### अपाहिज महिला का इलाज कराया

# खुशियों का ओटला परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में संचालित सामाजिक संस्था "खुशियों का ओटला" ने एक बार फिर मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की है। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह, सहयोगी काजल वाल्मीकि एवं सोनम खान द्वारा हाईवे गुना रोड पर एक अपाहिज महिला को अचेत एवं लावारिस अवस्था में देखे जाने की जानकारी मिली। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए टीम ने तुरंत महिला को रेस्क्यू किया और संस्था के ब्यावरा स्थित केंद्र पर लाकर उसकी देखभाल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। महिला के दोनों हाथ नहीं हैं तथा वह बोलने या अपनी पहचान बताने की स्थिति में नहीं थी। संस्था द्वारा निरंतर प्रयास कर सोशल मीडिया की मदद से महिला के परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया ,इस कार्य में ब्यावरा शहर के भाजपा नेता गिरीराज लववंशी,गायक विष्णु शर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया, जिस ये पता चल सका की महिला रतलाम जिले के एक गांव की निवासी है जिसे मिर्गी भी आती है बहुत प्रयासों के बाद उस के परिजनों से बात हुई और अब वो महिला को लेने ब्यावरा आ रहे है। खुशियों का ओटला" परिवार ने पुनः यह सिद्ध किया है कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता ही सच्ची सेवा है।

## राजेश सक्सेना की स्मृति में नेत्र शिविर का किया आयोजन



**शुजालपुर।** भारतीय जनता पार्टी शुजालपुर नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष, कायस्थ महासभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेश सक्सेना की स्मृति में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवा सदन जांच केन्द्र के डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने 130 मरीजों का नेत्र परीक्षण एवं ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की गई, जिसमें 12 मरीजों का चश्मे का नम्बर निकालकर चश्मे की सलाह दी गई। 25 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिन्हे 24 नवम्बर को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा जहां उनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान कायस्थ महासभा के सदस्य, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में सेवा सदन केन्द्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, राजेन्द्र कात्यानी, गंगाधर शर्मा, शशांक जैन का सहयोग रहा।

## नवाचार जिला उपहार योजना शाला नाईहेड़ा में आयोजित

**जीरापुर।** जिला कलेक्टर डाक्टर गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नवाचार जिला उपहार योजना का आयोजन समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा शाला में हुआ। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नाईहेड़ा में कक्षा 1 में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले 12 विद्यार्थियों को नवाचार उपहार योजना के तहत बैग वितरित किए गए। शासन की योजना द्वारा आयोजित उपहार बैग मिलने पर बच्चें बहुत आनन्दित हुए जहां पर नन्हे नन्हे बच्चे उत्साहित नजर आए। में तहसीलदार आर.पी. गोड़, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, बच्चे उपस्थित रहे।

# उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विकास के नाम पर कर रहे गुमराह

## अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष का कर रहे विरोध



**सारंगपुर ।** नगर पालिका उपाध्यक्ष पति द्वारा वार्ड नंबर 8 के कुछ लोगों को बहला फुसलाकर मंत्री एवं एसडीएम को ज्ञापन देकर नगर पालिका परिषद पर दुर्भावना का आरोप लगाया है जो सरासर गलत है जबकि सबसे अधिक कार्य वार्ड क्रमांक 8 में किए गए हैं कुछ कार्य स्वीकृत है कुछ पूर्ण है कुछ प्रगति रत है ऐसे में कुल मिलाकर वार्ड नंबर 8 में 3 करोड़ 34 लाख 3240 रुपए के कार्य हुए हैं इसके बाद भी वार्ड वासियों को गुमराह किया जा रहा है जबकि परिषद की बैठक में जो भी निर्णय हुए हैं उसमें उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे एवं उनकी सहमति से ही सारे प्रस्ताव पारित हुए हैं प्रस्ताव एवं एजेंडा रजिस्टर पर स्वयं ने हस्ताक्षर किए किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई ओर परिषद की मीटिंग के एक हफ्ते बाद वार्ड वासियों को गुमराह करते हुए ज्ञापन देकर समाचार प्रकाशित करवा रहे हैं। यह बात शुक्रवार को नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया को अवगत कराते हुए कही। इसके बाद भी नगर पालिका उपाध्यक्ष पति लगातार नगर पालिका पर दुर्भावना का आरोप लगा रहे हैं जो कि सरासर गलत है नगर पालिका उपाध्यक्ष पति द्वारा कई विकास कार्यों में रोडे अटकाए जा रहे हैं जिसमें बेरोजगारों पर लगी लाइट आठवां ने सहित ऐसे कई विकास कार्यों में उनके द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है जबकि नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षद भी नगर विकास के लिए संकल्पित है किसी भी तरह का कहीं भेदभाव नहीं हो रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर खेड़ापति की महाआरती की गई



**कुरावर।** नगर में पिछ्ले करीब 200 वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में जागरण का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व नगर मे एक सप्ताह तक मनाया जाता है जिसमें प्रथम दो दिन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर व उसके तीसरे दिन सार्वजनिक धर्मशाला स्थित हनुमान मंदिर में मनाया जाता तथा इसी प्रकार नगर के अन्य मंदिरों में भी ये उत्सव धूमधाम से मनाया जाने लगा जो नगर सहित आसपास के क्षेत्र में धार्मिक भावनाओ से औतप्रौत होता है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर खेड़ापति मंदिर में महाआरती करने वाले परिवार के प्रमुख मनोज गोयल ने बताया की कार्तिक पूर्णिमा पर जागरण की परम्परा बहुत पुरानी है।

### राजगढ़ ब्लॉक की खेड़ी पंचायत के पाका ग्राम में लगी ग्राम सभा

# समस्याएं निपटाने ग्रामीणों व अधिकारियों ने किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

गांवों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा अभिनव प्रयास शुरू किया गया है। इसी कड़ी में अलग-अलग गांवों में ग्राम सभाओं के आयोजन करवाए जा रहे हैं जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण आपस में सीधा संवाद कर समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजगढ़ ब्लॉक की खेड़ी पंचायत के पाका गांव में ग्रामीणों के आव्हान पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में खुजनेर तहसीलदार नित्यानंद पांडे, जनपद के सहायक यंत्री मेहताब सिंह अहिरवार, जपं इन्सपेक्टर बलराम खटनावलिया, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक मंगल व्यास, पटवारी लक्ष्मण सोनगिरा, जीतेंद्र शर्मा, सरपंच कंवरलाल भिलाला, सचिव सिद्धनाथ पाल, रोजगार सहायक दीपक यादव, जपं सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम



रुहेला सहित अन्य कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद थे। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि पाका गांव में श्मशान तक पहुंचने का मार्ग नहीं है। खेड़ी से घोड़ाखेड़ा मार्ग पर बारिश के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही गांव के स्कूल में न तो बाउन्ड्रीवाल है और न ही बच्चों के खेलने के लिए उपर्युक्त खेल मैदान है।

### जनपद की टीम ने गांव में घूमकर लिया समस्याओं का जायजा

ग्रामीणों ने बताया कि चाटूखेड़ा से पाका तक का मार्ग गंदगी और कीचड़ से सना हुआ है साथ ही आसपास नाली निर्माण भी नहीं है। खुजनेर तहसीलदार ने ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। हल्का पटवारियों ने राहत राशि से वंचित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलवाने की बात कही वहीं जन अभियान के मंगल व्यास ने विभाग संबंधी जानकारी ग्रामीणजनों से सांझा की। इसके उपरान्त जनपद की टीम ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए समस्या वाले स्थानों का चिन्हित किया वहीं गांव में जल्द सीसी सड़क और शमशान के रास्ते को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जीआरएस ने भी जरूरी प्रस्ताव बनाकर जनपद तक पहुंचाने की बात कही।

खबर संक्षेप

### चर्च मैदान पर बालाघाट सीहोर के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता आज



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को बालाघाट और बिल्डअप सीहोर टीम के मध्य कांटे का मुकाबला खेला जाएगा। वहीं शनिवार को जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत एक मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर रेड को 2-0 से हराया। इस मौके दौरान सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नौजिया, मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने प्रतिभाशाली फुटबाल खिलाड़ी ललित को पुरस्कार प्रदान किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को खेले गए जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर रेड के मुकाबले दोनों ही टीम ने हाफ तक शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच अंतिम समय में सीहोर चिल्ड्रन के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ललित ने दो गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं रविवार को दोपहर दो बजे बालाघाट-बिल्डअप सीहोर के मध्य कांटे का मुकाबला खेला जाएगा।

सकल हिंदू समाज की महत्वपूर्ण बैठक, हिंदू उत्सव समिति को किया भंग

# 15 दिन बाद होगा अध्यक्ष का चुनाव, सकल समाज ने प्रशासन और पुलिस को दी सूचना

मानस भवन में हुई सकल हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शुक्रवार को सकल हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मानस भवन आष्टा में संपन्न हुई। बैठक में समाज के विभिन्न समाजों के अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में समाजहित से जुड़े कई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान हिंदू उत्सव समिति, जिसका कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, उसे भंग किया जाता है।

### 15 दिन बाद मिलेगा नया अध्यक्ष

बैठक में साथ ही यह भी तय किया गया कि आगामी 15 दिनों के भीतर नवीन हिंदू उत्सव समिति के गठन हेतु अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। ऐसे निर्णय अनुसार चुनाव की तिथि एवं सूचना विधिवत रूप से जारी की जाएगी तथा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्व हिंदू उत्सव समिति के निर्देशन में पारदर्शी ढंग से संपन्न की जाएगी। जब तक चुनाव सम्पन्न नहीं हो जाते, तब तक हिंदू उत्सव समिति का कार्यभार सकल हिंदू समाज के पास रहेगा।बैठक में समाज एकता, आगामी धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तथा संगठनात्मक सुदृढ़ता पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, बी.एस. वर्मा (एडवोकेट), मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, रवि



शर्मा पार्षद, राजू जायसवाल, सत्यनारायण कमरिया, रमेश भामा, संजय वर्मा (पत्रकार), रमेश मालवीय, गोपाल सोनी, गोपाल पांचाल, मोंटू कोरी, रवि कुशवाह, मुकेश बैरागी, जगदीश खत्री, दिनेश गुप्ता, पवन वर्मा, लखन विश्वकर्मा, नंद किशोर यादव, सुनील कचनेरिया, विजय खंडेलवाल, प्रेम जायसवाल, पवन यादव, अचल किरार, दिलीप मालवीय, शिवनारायण मेवाड़ा और अरविंद रेलवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व हिंदू समिति के अध्यक्ष रूपेश राठौर, संजय सोनी बंटू और उमेश शर्मा भी उपस्थित रहे। गौरतलब है भाजपा नेता पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट लगातार अपनी कार्यप्रणाली को लेकर विवादों में रहते आए हैं बीते कुछ दिनों से पद की गरिमा के विपरीत इनके आचरण से भी शहर के वरिष्ट सामाजिक लोग असंतुष्ट चल रहे थे और कई बार इनकी मनमानी और अमर्यादित सोशल मीडिया पोस्टों से विवादों की स्थिति भी निर्मित हुई है जिसको लेकर भी सकल समाज के इस फैसले की शहर में बुद्धिजीवी वर्ग तारीफ कर रहा है वही दूसरी और कालू भट्ट ने सकल समाज का फैसला मानने से साफ इंकार कर दिया है और अपने कार्यकाल के अंत में पिछले दो दिनों से हिंदू उत्सव समिति के पदों को रेवड़ी की तरह बांटे जा रहे हैं और अपने आप को अब भी पद पर बरकरार बता रहे हैं।

## ईश्वर तक पहुंचता है तो मनुष्य के लिए त्याग और रहम महत्वपूर्ण है: अक्षय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मनुष्य संसार में इतना परेशान रहता है, लेकिन जब वह संतों की संगति में आता है तब शांत हो जाता है। इसलिए कहा गया है कि संत-समागम प्रभु भजन जग में दुर्लभ दोय। सुत, दारा और लक्ष्मी पापी को भी होय। संत का समागम और प्रभु का भजन ये संसार में दो बहुत दुर्लभ हैं। स्त्री, पुत्र और सम्पत्ति पापी को भी प्राप्त हो सकती है। आप लोगोंका ऐसा ही संत समागम में और प्रभु भजन में ज्यादा से ज्यादा समय निकले जिससे पाप से बचे। क्योंकि सत्संग से विवेक प्राप्त करके मोहरूपी अज्ञान नष्ट हो जाता है और आदर्शवादी चिंतन तथा चरित्र के समन्वय का सन्मार्ग प्राप्त होता है।

एक सामान्य व्यक्ति आकर पूछता है। मुझे लिखना-पढ़ना नहीं आता महाराज मुझे धर्म की छोटीसी व्याख्या बताना, जो हम याद रख सकें। जो दुर्व्यवहार अपने लिए अच्छा नहीं लगता वह दूसरों से भी नहीं करना। जो व्यवहार हम अपने लिए चाहते हैं, वह व्यवहार ही दूसरें से करना चाहिए, वही धर्म है। हम व्यवहार अच्छा चाहते है, दूसरे से अच्छा नहीं करते' तब हमारा कल्याण तीन काल में नहीं हो सकता। इसलिए प्रत्येक आत्मा मेरी आत्मा जैसी है यह भाव जब तक नहीं करते तब-तक अहिंसा परमो धर्म हमें प्राप्त नहीं होता। तो ऐसे धर्म



की शरण को प्राप्त करना है। मुनिश्री ने बताया कि मैने कुराण भी थोडा सा पढ़ा था। कुराण में हर आयत के प्रारंभ में बिस्मिल्ला हिर्रहमानिर्रहीम। खुदा का विशेषण रहीम बताया है। और वह कहते है कि समस्त विश्व पर रहम याने दया करनेवाला चिराग-दीपक है। कुराण में रहम शब्द 409 बार आया है। हदीस ढाई लाख पृष्ठों का हजरत मुहम्मद के द्वारा लिखा गया है। उसमें रहम और रहमत शब्द हजारो बार आया है। अहिंसा के प्रति अगाध निष्ठा वहाँ भी बतायी और एक शब्द लिखते है ₹जहाँ रहम होता है, वही रहीम होते है, जहाँ रहम नहीं वहाँ रहीम नहीं रह सकते। अलहज 2:22 में बताते है कि, 'ना तो पशुओं का मांस और ना ही उसका खून ईश्वर तक पहुँचता है। ईश्वर तक पहुँचता है तो सिर्फ मनुष्य का त्याग और रहम (दया)' यह दो शब्द बताये। इसीलिए मैंने कई बड़े-बड़े कार्यक्रम में इस बात को बताया। मैं महाराष्ट्र में 16 साल रहा।

## बिजली बिल बकायादारों के लिए लाई गई समाधान योजना का उपभोक्ता उठाएं लाभ: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मप्र सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के करीब 90 लाख से अधिक बिधुत बिल बकायादार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने हेतु समाधान योजना 2025-2026 शुरू की है। इस योजना से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के करीब 70 हजार 262 बकायादार बिजली बिल के उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

विधायक ने क्षेत्र के सभी बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आगे आये और उक्त समाधान योजना का लाभ उठायें। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की उक्त योजना उन उपभोक्ताओं के लिए राहत का द्वार खोल रही है, जो किसी कारणवश समय पर अपने बिजली बिल नहीं भर पाए। इस योजना में तीन माह या उससे अधिक समय से बिल बकाया रखने वाले घरेलू, गैर घरेलू ,कृषि तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को 60 से 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट प्रदान की जाएगी। योजना से बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने के साथ ही राज्य की बिजली व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इस कदम से जनता का भरोसा और शासन की पारदर्शिता एक साथ बढ़ेगी। विधायक ने कहा कि समाधान योजना से प्रदेश के 90 लाख उपभोक्ताओं का 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक बिजली बिल पर सरचार्ज माफ किया जा रहा है। समाधान योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा।

विधायक ने कहा कि मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर यह शुभ योजना का शुभारम्भ नई खुशियां लेकर आई है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सभी स्तर पर ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हम अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सुविधा को देखते हुए कार्य कर रहे हैं। आरंभ हुई समाधान योजना सुशासन और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग से संबंधित प्रस्तावों को डॉ. यादव ने सहजता से स्वीकार किया।

अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जायेगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जानकारी देते हुए बताया की समाधान योजना का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा।

समाधान योजना दो चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक होगा, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में यह योजना एक जनवरी से 28 फरवरी तक लागू रहेगी। इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा।

## मैदान पर होगा दर्शक दीर्घा का निर्माण: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सुभाष मैदान पर विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमि पूजन करने पर सबसे ज्यादा अगर खुशी है तो वह मुझे है, क्योंकि इसी मैदान की मिट्टी में खेल कर मैंने यह मुकाम पाया है। बचपन से लेकर युवा अवस्था तक इसी मैदान पर खेल कर यह मुकाम हासिल किया है। जब हम छोटे थे तब बड़े-बड़े खिलाड़ियों को इस मैदान पर खेलते हुए देखा करते थे और गेंद इधर-उधर हो जाती थी तो हम उठा कर देते थे तब से मैं इस मैदान से जुड़ा हूं। मैं स्वयं भी एक खिलाड़ी हूं इसलिए खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को भली भांति जानता हूं। इस आशय के विचार नपा अध्यक्ष हेमकुवंर रायसिंह मेवाडा की उपस्थिति में सुभाष ग्राउंड पर विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि दर्शकों को बैठने के लिए व्यवस्थित एवं उचित स्थान प्राप्त हो सके इसके लिए दर्शक दीर्घा का निर्माण एवं पुराने इंदौर भोपाल राजमार्ग से सुभाष



मैदान तक के कच्चे मार्ग के स्थान पर सीसी रोड निर्माण कार्य साथ ही जल भराव की समस्या के निदान हेतु ड्रेनेज का निर्माण कार्य लगभग 50 लाख की लागत से पूर्ण होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाडा, वरिष्ठ भाजपा नेता नगीनचंद्र जैन, भाजपा जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, वरिष्ठ पार्षद हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, रवि शर्मा, डॉ सलीम खान, सुभाष नामदेव, मेहमूद अंसारी, तारा कटारिया, अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, उमेश शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश बड़जात्या, वरिष्ठ खिलाड़ी द्वारकादादा सोनी, मौजूद थे।

## कन्या शाला में हुआ वंदेमातरम का 150वां स्मरणोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव पर शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में विशाल कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए। माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का समवेत गायन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की वंदे मातरम्' केवल शब्दों का संग्रह नहीं, भारत की आत्मा का स्वर है। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध 'वंदे मातरम्' ने



देश को संगठित करके आजादी की चेतना को बल दिया। साथ ही, क्रांतिकारियों के मन में मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण, गर्व और बलिदान की भावना जगाई। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की राष्ट्रगीत वंदे मातरम आजादी के आंदोलन में देशवासियों के लिए आन्दोलन का मंत्र बना था। हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में ₹वंदे मातरम" के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधना करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की वर्तमान पीढ़ी को ₹वंदे मातरम" के महत्व से अवगत कराने के लिए ₹वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ को देश भर में समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत ₹वंदे मातरम" की 150 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी।

उन्होंने सभी को वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही वंदे मातरम के रचयिता स्वर्गीय बंकिम चंद्र चटर्जी सम्मान पूर्वक स्मरण किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ 7 नवम्बर को उत्साह व उमंग के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उत्थान धारवा, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी, सौरभ जैन शीतल सहित शिक्षक, विद्यार्थी आदि उपस्तिथ रहे।

## मालवीय समाज के मांगलिक भवन की बाउंड्री वाल के लिए विधायक ने की 5 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम लखमीपुर (सावंतखेड़ी) में मालवीय बलाई समाज के समाजजनों द्वारा आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का जन्मदिन बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। साथ ही मालवीय समाज के मांगलिक भवन की बाउंड्री वाल के लिए विधायक ने 5 लाख की घोषणा की। साथ ही रामदेव मंदिर के टीनशेड के लिए 1 लाख की घोषणा की। मालवीय समाज के मांगलिक भवन के लिए एक बोरवेल की घोषणा की इस साथ ही संजय अम्बेडकरवादी सहित समस्त ग्रामवासियों द्वारा विधायक को बाबा साहब फ़ोटो सप्रेम भेंट




की। इस अवसर पर अमर सिंह मालवीय, बाबूलाल मालवीय, उमराव सिंह, हरनाथ सिंह अध्यापक, भगवत सिंह, पूंजीलाल, मांगीलाल, कमल सिंह, बाबूलाल, डॉ संतोष, घासीराम, सुनील, अनिल, देवराज, मेहरवान सिंह चौकीदार, भेरूसिंह, मोहन लाल, गिरधारीलाल, देवकरण, नाथूसिंह, धरम, हरिओम, ललित, अर्जुन सिंह, पिलकेश आदि उपस्थित रहे।

भोपाल मे आयोजित हुआ 29वां संभाग स्तरीय खेल युवा उत्सव

# मॉडर्न स्कूल के छात्र ने मॉडल में प्राप्त किया प्रथम स्थान






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आठ नवंबर को भोपाल मे 29 वां संभाग स्तरीय खेल युवा उत्सव प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा के कक्षा 12वीं के छात्र आर्यन सिंह परमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महापोर मालती राय द्वारा छात्र को ट्राफी से सम्मानित किया। छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जिसका आयोजन राविन्द्र नाटय भवन मे 18 नवंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति मे होगा। जिसमें छात्र आर्यन सिंह परमार संभाग का प्रतिनिधित्व करेगे। छात्र की इस उपलब्धि पर जीतेन्द्र आजाद समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग संचालक मंडल के सदस्यों व शिक्षकों ने शुभकामनाओं के साथ छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने बधाई दी।

## किसान संघ इकाई ने की गोमाता की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शुक्रवार को भारतीय किसान संघ नगर इकाई कोठरी द्वारा गोमाता की पूजन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें गोमाता का श्रंगार कर तिलक लगाकर आरती पूजन करके के गो ग्रास व चार खिलाकर गौ माता प्रार्थना की गई कि अपने दूध दही से देश को भरा पूरा रखने की कामना की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया एवं गो भक्त कुबेर सिंह पटेल का स्वागत वा सम्मान किया गया जो कि गो सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के मोतीलाल मंडलोई, शिवनारायण ओडी, राम सिंह देवदलिया, महेश (विधायक) पठार, ललता बाई मंडलोई, रेखा बाई,रीना बाई देवदलिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।